DOON UNIVERSITY NEWSPAPER CLIPPING SERVICES

दून विवि : 241 छात्रों को सीएम प्रोत्साहन छात्रवृत्ति

दून विश्वविद्यालय में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान छात्रवृत्ति पाने वाले छात्र-छात्राएं खुश नजर आए। • हिन्दुस्तान

देहरादून, वरिष्ठ संवाददाता। दून विवि के 241 मेधावी छात्रों को मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के तहत 42 लाख की छात्रवृत्ति दी गई है। शुक्रवार को विवि परिसर में आयोजित कार्यक्रम में इसकी जानकारी दी गई। विवि की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल ने कहा कि ये शिक्षा और शोध के क्षेत्र में सरकार का क्रांतिकारी कदम साबित होगा।

विवि परिसर में आयोजित छात्रवृत्ति योजना कार्यक्रम के दौरान प्रोफेसर सुरेखा डंगवाल ने बताया कि यह स्कॉलरशिप उन मेधावी छात्रों को दी जा रही है जो स्नातक और परास्नातक में अध्ययन कर रहे हैं। इसके लिए स्नातक प्रथम वर्ष के छात्रों की संकायवार मेरिट सूची बनाई गई है। जिसमें 12वीं कक्षा में न्यूनतम 80 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को पहले स्थान पर 3000 दूसरे पर 2000 और तीसरे पर 1500 रुपये की मासिक छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। प्रोफेसर डंगवाल ने बताया कि इस योजना को शुरू करने का मुख्य उद्देश्य सामान्य परिवारों के छात्रों की प्रतिभा को आगे लाना है। उन्हें उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम के दौरान दोनों विवि के रजिस्टर डॉ. एस मंद्रवाल, वित्त नियंत्रक सुनील कुमार रतूड़ी, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रोफेसर एचसी पुरोहित, डॉ. महीप सिंह, डॉ. राजेश भट्ट, नरेंद्र लाल, दिवेंदु रावत, रोहित जोशी, संदीप रावत और प्रमोद तिवारी आदि उपस्थित रहे।

■ कुलपति ने कहा, शिक्षा और शोध में बड़ा कदम साबित होगी योजना

News paper – Hindustan
Date – 18.05.2024